Need to refund money of investors of cooperatives - laid

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): सहारा समूह की सहकारी समितियों में निवेशकों की जमा राशि लौटाने की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है, जो कि लंबे समय से फंसी हुई थी और एक बहुत बड़ा वर्ग इससे प्रभावित था। सहकारिता मंत्रालय की प्रतिबद्धता ऐसे उन सभी लोगों को राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने का इंतजार कर रहे हैं। 18 जुलाई 2023 को सहारा रिफंड पोर्टल के लॉन्चिंग होने के साथ ही पैसे लौटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पहली बार है जब जमाकर्ताओं को ऐसे मामले में उनके पैसे वापस मिल रहे हैं। इससे उन निवेशकों में भी आशा जागी है जिनका सहारा की तरह अन्य कंपनियों में लंबे समय से पैसा फंसा हुआ है । क्या सहारा के तर्ज पर उन कंपनियों में फंसे निवेशकों के पैसे लोटाने की दिशा में कोई कार्यवाही गतिशील हैं यदि हां तो इसका तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?